# प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष – 2021

## न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी (राजस्व) नोहर

पीठासीन अधिकारी का नाम : सुश्री श्वेता कोचर (आर0ए0एस0 )

वाद सं0 : 609 सन 2020

अनवान :–

1. हरलाल पुत्र जोराराम जाति जाट साकिन जबरासर तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़।

वादी

बनाम

1. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर।

प्रतिवादी

**दावा इस्तकरार हक अन्तर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955**

**उपस्थित :– श्री विजयसिह अधिवक्ता वादी**

**निर्णय दिनांक :– 29.10.21**

संक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है कि वादी ने जरिये अधिवक्ता एक वाद अन्तर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के तहत इस आश्य का पेश किया की रोही मौजा जबरासर के खाता संख्या 543/534 की कुल 2.2890हैक्ट हिस्सा भूमि वादी के नाम दर्ज है

उक्त भूमि मे वादी के पिता का नाम जीराम जाति ब्राहम्ण दर्ज कर रखा है जबकि वादी के पिता का सही नाम जोराराम जाति जाट है सहवन से राजस्व रिकार्ड तैयार करते समय वादी का नाम /जाति गलत तौर से दर्ज किया गया है वादी के पिता का सही नाम जोराराम जाति जाट है यही नाम सभी दस्तावेजात मे दर्ज है।

वादी के सभी दस्तावेजात जैसे भारत निर्वाचन आयोग का मतदाता फोटो पहचान पत्र , भारत सरकार का आम आदमी का आधार कार्ड , परिवार राशन कार्ड सभी में वादी का नाम जोराराम जाति जाट दर्ज है किन्तु राजस्व रिकार्ड में वादी के पिता का नाम जीराज जाति ब्रहाम्ण दर्ज किया गया है जो गलत है।

वादी का राजस्व रिकार्ड में नाम गलत तौर से दर्ज होने से वादी के खातेदारी अधिकारों का हनन होता है वादी को राज्य सरकार के द्वारा दी जाने वाली केसीसी , खाद बीज का ऋण , मुआवजा व अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त नही हो पा रहा है वादी का अन्य किसी सहखातेदार से कोई अनुतोष नही है वादी केवल राजस्व रिकार्ड में अपना नाम संशोधन करवाना चाहता है।

अतः वादी के पिता का नाम राजस्व रिकार्ड में संशोधन किया जाकर जीराज जाति ब्रहाम्ण के स्थान पर जोराराम जाति जाट संशोधन करने के आदेश फरमावे वादी का वाद डिक्री फरमावे।

वादी का वाद प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर किया गया पेरोकार राज ने निवेदन किया की वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुतों के आधार पर राज्यहकों को सुरक्षित रखते हुए वाद का निस्तारण फरमावे।

पत्रावली प्रशासन गांव के संग अभियान केम्प कोर्ट में पेश होने पर वादी के अधिवक्ता ने निवेदन किया की रोही मौजा जबरासर के खाता संख्या 543/534 की कुल 2.2890हैक्ट हिस्सा भूमि वादी के नाम दर्ज है

उक्त भूमि मे वादी के पिता का नाम जीराम जाति ब्राहम्ण दर्ज कर रखा है जबकि वादी का सही नाम जोराराम जाति जाट है सहवन से राजस्व रिकार्ड तैयार करते समय वादी का नाम /जाति गलत तौर से दर्ज किया गया है वादी का सही नाम जोराराम जाति जाट है यही नाम सभी दस्तावेजात मे दर्ज है।

वादी के सभी दस्तावेजात जैसे भारत निर्वाचन आयोग का मतदाता फोटो पहचान पत्र , भारत सरकार का आम आदमी का आधार कार्ड , परिवार राशन कार्ड सभी में वादी का नाम जोराराम जाति जाट दर्ज है किन्तु राजस्व रिकार्ड में वादी का नाम जीराज जाति ब्रहाम्ण दर्ज किया गया है जो गलत है।

वादी का राजस्व रिकार्ड में नाम गलत तौर से दर्ज होने से वादी के खातेदारी अधिकारों का हनन होता है वादी को राज्य सरकार के द्वारा दी जाने वाली केसीसी , खाद बीज का ऋण , मुआवजा व अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त नही हो पा रहा है वादी का अन्य

उपखण्ड अधिकारी
नोहर

Scanned with CamScanner

किसी सहखातेदार से कोई अनुतोष नही है वादी केवल राजस्व रिकार्ड में अपना नाम संशोधन करवाना चाहता है।

हमने उभयपक्षों की बहस सुनी पत्रावली का अवलोकन किया प्रस्तुत दस्तावेजात के अनुसार की रोही मौजा जबरासर के खाता संख्या 543/534 की कुल 2.2890हैक्ट भूमि वादी के नाम बतौर खातेदार काश्तकार दर्ज हैजिसमें वादी का नाम जीराज व जाति ब्राह्मण दर्ज है

वादी का कथन है कि वादी का नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज करते समय जोराराम जाति जाट के स्थान पर जीराज जाति ब्राह्मण दर्ज किया गया है सही नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवाना चाहते है।

वादी के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात के मतदाता पहचान पत्र, आम आदमी का आधार कार्ड, परिवार राशन कार्ड, दस्तावेजात सभी में वादी का नाम जोराराम जाति जाट दर्ज है। वादी के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात से वादी का नाम जोराराम एवं जाति जाट होना प्रतित होता है। अन्य खाते में वादी का नाम जोराराम एवं जाति जाट अंकित है।

वादी के राजस्व रिकार्ड एवं प्रस्तुत अन्य दस्तावेजात में वादी के नामों में भिन्नता है तहसीलदार राजस्व नोहर के अनुसार वादी का नाम राजस्व रिकार्ड में संशोधन किया जाता है तो किसी प्रकार का ऐतराज नही है साथ ही यदि वादी का नाम राजस्व रिकार्ड में संशोधन किया जाता है तो राज्य सरकार को किसी प्रकार की हानी नही होती है बल्की राजस्व रिकार्ड ही संशोधित होता है।

मजमे आम के द्वारा भी वादी का नाम जोराराम एव जाति जाट होना जाहिर किया गया है।

वादी के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात , शपथ पत्र/पेरोकार राज का किसी प्रकार का ऐतराज पेश होने के आधार पर वाद वादी साबित होने के कारण काबिल डिक्री है।

वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुत एवं सरपंच ग्राम पंचायत जबरासर के प्रमाण पत्र तथा पैरोकार राज की अभिशाषा/मजमे आम की जानकारी के आधार वाद वादी साबित होने के कारण डिक्री किया जाकर घोषणा की जाती है कि रोही मौजा जबरासर के खाता संख्या 543/534 की कुल 2.2890हैक्ट में वादी के पिता का नाम जीराज जाति ब्राह्मण अंकित है के स्थान पर जोराराम उर्फ जीराज एवं जाति जाट संशोधन किया जाता है इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकिन किया जावे। व्यय वाद उभयपक्ष अपना अपना वहन करेगे। इसी अनुसार पर्चा डिक्री जारी की जाकर शामिल मिसल की जावे। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर बाद तरतीब तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 29.10. 2021 को प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष – 2021 में मेरे द्वारा लिखाया जाकर सुनाया गया ।

उपखण्ड अधिकारी ( राजस्व )
नोहर ( हनुमानगढ़ )
प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष – 2021
केम्प कोर्ट....जबरासर.

Scanned with CamScanner

## प्रशासन गांव कें संग अभियान वर्ष – 2021
## पर्चा डिक्री

( आर्डर 20, रूल 6–7 जाब्ता दिवानी )

**न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी नोहर**

**अज अदालत :– सुश्री श्वेता कोचर ( आर.ए.एस)**

अनवान :–

1. हरलाल पुत्र जोराराम जाति जाट साकिन जबरासर तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।

वादी

बनाम

1 राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर जिला हनुमानगढ।

प्रतिवादी

**वाद अन्तर्गत धारा 88, राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955**
**राजस्व वाद संख्या 609 सन 2020 निर्णय दिनांक–** 29.10.2021

आज यह वाद प्रशासन गांव कें संग अभियान वर्ष – 2021 मुझ श्वेता कोचर उपखण्ड अधिकारी नोहर के रामक्ष उभयपक्षो की उपस्थिति में अंतिम निपटारे/ निर्णय हेतु प्रस्तुत होने पर वाद वादी साक्ष्यों के आधार पर वाद वादी डिक्री किया जाकर धोषणा की जाती है कि रोही मौजा जबरासर के खाता संख्या 543/534 की कुल 2.2690हैक में वादी के पिता का नाम जीराज जाति ब्राहम्ण अंकित है के स्थान पर जोराराम उर्फ जीराज एवं जाति जाट संशोधन किया जाता है इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकिन किया जावे। व्यय वाद उभयपक्ष अपना अपना वहन करेगे।

पर्चा डिक्री आज दिनांक 29.10.2021 को प्रशासन गांव कें संग अभियान वर्ष – 2021मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मुद्रा से जारी की गई ।

उपखण्ड अधिकारी ( राजस्व )
नोहर( हनुमानगढ़ )
प्रशासन गांव के संगअभियान वर्ष – 2021
केम्प कोर्ट....जबरासर.

Scanned with CamScanner